# बच्चे का स्वास्थ्य और पोषक आहार सुनिश्चित करना: आशा की भूमिका






कुपोषण रोकने के संबंध में अनिवार्य संदेश पहुँचाना।




स्तनपान के अभ्यास तथा स्वास्थ्य एवं पोषक आहार सेवाओं तक पहुँच के बारे में परिवारों को सलाह देना।



पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में कुपोषण रोकने और कुपोषण दूर करने के लिए परिवारों को परामर्श देना।



छोटे बच्चों में एनीमिया की देखभाल करना।



कुपोषण ग्रस्त बच्चों का निर्धारण करना, कुपोषण का स्तर निर्धारित करना और समस्या को दूर करना, जिसमें गंभीर मामलों में तत्काल रेफरल भी शामिल है।



टीकाकरण के लिए योग्य बच्चों का पता लगाना और यह सुनिश्चित करना कि सभी बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण पूरा हो।



यह सुनिश्चित करना कि बी.सी.जी. की पहली खुराक जन्म के तुरंत बाद दी जाए।




सभी योग्य बच्चों के परिवारों के साथ टीकाकरण पर चर्चा करना तथा माँ और बच्चे को टीका लगाने का समय आने पर वी.एच.एन.डी. तक ले जाना।



वी.एच.एन.डी के लिए बच्चों को इकट्ठा करना, और यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान देना कि सबसे गरीब और अत्यधिक उपेक्षित बच्चों को टीकाकरण सेवाएं सुलभ हो सकें।




बीमारी के लक्षणों वाले बच्चों का आंकलन करना और तत्काल रेफरल सुनिश्चित करना।



बुखार ग्रस्त बच्चों का आंकलन करना, जरूरत पड़ने पर रेफर करना और प्राथमिक उपचार शुरू करना।



दस्त को नियंत्रित करना, जिसमें शामिल है: इसे रोकने के लिए ओ.आर.एस. का प्रयोग करने के संबंध में परिवार को परामर्श देना तथा गंभीर मामलों को रेफर करना।



सांस लेने संबंधी गंभीर संक्रमण का पता लगाना और इसकी देखभाल करना तथा गंभीर मामलों को रेफर करना।



सामान्य सर्दी और खांसी के मामले में घरेलू नियंत्रण उपाय में मदद करना।